जमशेदपुर 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' में शामिल

चर्चा में क्यों?

3 जनवरी, 2023 को झारखंड के जमशेदपुर अक्षेस विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत पर्यावरण से जुड़े 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' में जमशेदपुर को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा राज्य से राँची और धनबाद भी इसमें शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- जमशेदपुर अक्षेस विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने जमशेदपुर में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के लिये लगभग 50 करोड़ रुपए का अग्रिम आवंटन किया है।
- इसके लिये जमशेदपुर अक्षेस, मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद संयुक्त कार्य योजना बनाएंगे। इसमें जमशेदपुर अक्षेस नोडल एजेंसी होगी।
- संजय कुमार ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण पार्षद व निकाय मिलकर इस योजना को आगे बढ़ाएंगे। जुगसलाई और मानगो चौक पर प्रदूषण मापक यंत्र स्थापित किया जा चुका है। इस योजना में बीआईटी मेसरा के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है।
- उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बीआईटी मेसरा पता लगाएगा कि किस सोर्स से प्रदूषण हो रहा है। सड़कों पर उड़ने वाले धूल कण को नियंत्रित किया जाएगा। जहाँ सबसे ज्यादा धूलकण होते हैं, वहाँ पेवर्स ब्लॉक लगाया जा रहा है।
- टूटी सड़कों को तत्काल ठीक कराया जायेगा तथा सड़कों के चौड़ीकरण की भी योजना है। इसके अंतर्गत पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाई जाएगी तथा करीब तीन हज़ार नये पेड़ लगाने की योजना पर काम तेजी से चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-clean-air-program-1